खास-खबरें

नगर पालिका मकरोनिया ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान

सागर। नगर पालिका मकरोनिया द्वारा कोरोना योद्धाओं के सम्मान के लिए संत रविदास भवन में विधायक इंजी प्रदीप लारिया जी के निर्देशानुसार निकाय क्षेत्रांतर्गत कार्यरत् सफाई मित्रों एवं ड्राईवरों जिन्होंने कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए लगाये गये लॉकडॉउन-2 के दौरान निकाय की अतिआवश्यक सेवाऐं सफाई कार्य एवं स्वच्छता कार्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी इशांक धाकड़ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरयावली विधायक महोदय इंजी प्रदीप लारिया द्वारा की गयी। विधायक महोदय द्वारा सफाई मित्रों के सम्मान समारोह में निकाय क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में सफाई मित्रों के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुये सफाई मित्रों को रोली का टीका एवं माला पहना कर प्रशस्ती पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त सफाई मित्रों को सेफ्टी किट प्रदान की गयी। विधायक महोदय द्वारा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु नगर वासियों एवं सफाई मित्रों से नगरीय क्षेत्र की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने की अपील की गयी।

सम्मान समारोह विधायक महोदय इंजी प्रदीप लारिया , मुख्य नगर पालिका अधिकारी इशांक धाकड़ एवं अमन जैन उपयंत्री के साथ बलवंत सिंह ठाकुर, कपिल कुशवाहा, अंकित तिवारी सापट, बाबू लाल रोहित, गोकुल ठाकुर, नरेन्द्र रोहित, मधुकर जाटव, मिश्रीचंद गुप्ता, नरेन्द्र तिवारी, जगराज जाटव, संतोष खटीक, डॉ. परशुराम विश्वकर्मा, सुश्री रेशू चौधरी सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

पूत के पांव पालना में दिखने की बुंदेली कहावत डॉ. वीरेंद्र कुमार पर सटीक बैठती हैः सुरेन्द्र चौधरी

सागर। बुंदेलखंड क्षेत्र से टीकमगढ़ सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार के केंद्रीय मंत्री बनने के उपरांत निकाली जा रही आशीर्वाद यात्रा पर चुटकी लेते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि पूत के पांव पालने में दिखने की बुंदेली कहावत डॉ.वीरेन्द्र कुमार पर सटीक बैठती हैं। उन्होंने कहा कि वीरेन्द्र कुमार सबसे पहले यह बताएं कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र को लेकर भारत सरकार द्वारा बनाई गई बुंदेलखंड कॉरिडोर योजना जिसमें मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड को बीस हजार करोड़ रुपए मिलने थे आपके सांसद और मंत्री रहते यह योजना उत्तर प्रदेश में चली गई आप क्यों चुप रहे? बुंदेलखंड क्षेत्र की बहन- बेटियों के लिए एक भी महिला विश्वविद्यालय आज तक नहीं खुलवा पाये किंतु इस क्षेत्र में कई शराब की डिस्लरी खुल गई साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र के संभागीय मुख्यालय सागर को सीधे हवाई सेवा से आज तक नहीं जुड़वा सके क्यों? बुंदेलखंड क्षेत्र के बीड़ी कारोबार से जुड़े लाखों परिवारों का रोजगार छिन गया आप चुप रहे क्यों? सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में सर्वाधिक हत्या, लूट, दुष्कर्म, अन्याय, अत्याचार, उत्पीड़न की घटनाएं घटित हुई आप क्यों चुप रहे.? कोरोना महामारी से प्रभावितों को राहत और सांत्वना देने की बजाय आशिर्वाद ले रहे क्यों? चौधरी ने कहा कि वीरेन्द्र कुमार जी और भाजपा इन सवालों के जवाबों के बिना जन आशीर्वाद यात्रा निकालना बेकार है कांग्रेस पार्टी इन सवालों के जवाब चाहती है।

अवैध गतिविधियों में संलग्न होटल का अवैध निर्माण किया जमींदोज

सागर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वकांक्षी योजना माफिया मुक्त मध्य प्रदेश बनाने की दिशा में कलेक्टर दीपक सिंह के निर्देश पर उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया की होटल का अवैध अतिक्रमण हटाया गया जिसकी शासकीय कीमत रूपये 12 लाख से अधिक की है । अनुविभागीय अधिकारी पवन वारियां ने बताया कि बंडा रोड पर स्थित होटल अवैध गतिविधियों को संचालित कर रही थी उन्होंने बताया कि शनिवार को कलेक्टर दीपक सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से होटल का अवैध अतिक्रमण लगभग 400 स्क्वायर फुट कीमत रूपये 12 लाख से अधिक की शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। इस अवसर पर मकरोनिया सीएमओ ईशांत धाकड़, तहसीलदार सतीश वर्मा, सीएसपी श्रीमती प्रिया सिंह ,मकरोनिया थाना प्रभारी सतीश सिंह, अन्य अधिकारी मौजूद थे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व

सागर

रक्षाबंधन के त्योहार पर जहां लोग सुबह सवेरे अपनी बहनों से राखी बंधवाते है लेकिन आकाश सिंग जी राजपूत ने रक्षाबंधन पर अपनी बहनों को इंतजार करवाया सबसे पहले वे संजीवनी अनाथ आश्रम पहुंचे जहां अनाथ बच्चियों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया इसी दौरान सागर कलेक्टर दीपक सिंह भी संजीवनी बाल आश्रम पहुंच गए। कलेक्टर दीपक सिंह जी तथा आकाश सिंह जी राजपूत द्वारा धूमधाम से अनाथ आश्रम में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया अनाथ बच्चियों से राखी बनवाई तथा उनके लिए उपहार दिए कलेक्टर दीपक सिंह ने इन बच्चियों को रक्षा करने का वचन दिया तो वही आकाश सिंह जी राजपूत ने इन बच्चियों को ढेर सारा प्यार दुलार करते हुए जीवन भर उनका ख्याल रखने का वादा किया।

आकाश सिंह राजपूत ने अनाथ बच्चियों के लिए उपहार में किताबें कापियां स्केच पेन चॉकलेट आदि उपहार में दिए उन्हें पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि श्री आकाश राजपूत द्वारा असहाय बच्चों के लिए हमेशा से ही प्रेम और अपनापन रहा है फिर चाहे वह उनका जन्मदिन का मौका हो या कोई अन्य खुशी का समय जिसमें वह सबसे पहले इन बच्चों से मिलने जाते हैं घरौंदा आश्रम में भी कई दफा बच्चों के साथ आकाश सिंह राजपूत को देखा गया है।

इस अवसर पर आकाश सिंह जी राजपूत द्वारा लोगों से अपील की गई है कि अपनी खुशियों को दुगना करने के लिए अनाथ असहाय बच्चों के साथ त्योहार मनाएं ताकि इन बच्चों को भी खुशी मिल सके। इस अवसर पर उमंग ग्रुप के सदस्य रोहन दिनकर तिवारी नितिन तिवारी दिव्यांग शर्मा राजन राज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

वेबिनार में स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक बिजनेस मॉडल्स पर हुई चर्चा

सागर

सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्टार्टअप को प्रोत्साहित एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किए गए स्पार्क इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनुराग सिंह को आमंत्रित किया ,जो की इंस्टीटूशनल इनोवेशन कॉउन्सिल में सदस्य है । सिंह ने बताया कि एक अच्छे आईडिया की सफलता एक अच्छे बिज़नेस मॉडल पर निर्भर करती है साथ ही अच्छा बिज़नेस मॉडल एक अच्छे आईडिया पर टिका होता है। उन्होंने कहा कि बिज़नेस मॉडल में सबसे ज्यादा जरूरी होते हैं ग्राहक। ये वो लोग हैं जो जिनको हम अपने प्रोडक्ट या सर्विसेज देते हैं और कस्टमर हमे उसके बदले में पैसा और वैल्यू देता है। अगर हम अपने कस्टमर को बिना जाने, बिना उसकी जरूरतों को समझे अपने प्रोडक्ट या सर्विसेज देने लगेंगे तो कभी भी हमारा बिज़नेस मॉडल सफल नहीं होगा। अपने बिज़नेस मॉडल को सफल बनाने के लिए हमे सबसे पहले अपने कस्टमर को समझने की जरूरत होती है। और उसके बाद जब हम अपने प्रोडक्ट या सर्विसेज को मार्किट में उतरना चाहिए। वेबिनार में आगे उन्होंने बिज़नेस मॉडल के विभिन्न कपोनेंट्स के बारे में भी जानकारी साझा कि।

सिंह ने अपने वेबिनार का समापन करते हुए कहा कि एक अच्छा बिज़नेस मॉडल एक सफल बिज़नेस के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। सफलता प्राप्ति के लिए एक अच्छे आईडिया से ज्यादा जरूरत होती है एक अच्छे बिज़नेस मॉडल की। बिज़नेस आईडिया और बिज़नेस मॉडल जितनी भिन्न होते हैं उतने ही एक दूसरे के पूरक भी है। इसलिए आप पर ये निर्भर करता है की आप ऐसा बिज़नेस मॉडल डिज़ाइन करें जो की पूरी तरह ऑर्गनाइज़ होने के साथ साथ भविष्य की सम्पूर्ण संभावनाओं को भी पूरा करे।

निर्माण कार्य करते समय नागरिकों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाएः शुक्ला

संभाग आयुक्त एवं प्रशासक ने निगमायुक्त, स्मार्ट सिटी, निगम इंजीनियरों एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण, हर 15 दिन में करेंगे नगर भ्रमण

सागर

संभाग आयुक्त एवं प्रशासक मुकेश शुक्ल ने निगमायुक्त आरपी अहिवार के साथ निगम एवं स्मार्ट सिटी के इंजीनियरों और निर्माण एंजेसी के अधिकारियों के साथ स्मार्ट सिटी द्वारा सिविल लाईन की ओर से तिली चौराहा तक बनायी जा रही स्मार्ट रोड के निर्माण कार्य, संजय ड्राइव रोड़ निर्माण के साथ रि-स्टोरेशन कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित निर्माण एंजेसी के अधिकारियों को निदेर्घ्श दिये कि निर्माण कार्य के साथ साथ सुरक्षा का भी ध्यान रखे जाने के निर्देश दिये है। इस दौरान उन्हांने निगम अधिकारियों को समय समय पर निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिये साथ ही उनके द्वारा भी 15 दिवस में निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया जायेगा।

संभाग आयुक्त शुक्ला ने तहसीली के सामने निर्माण कार्य को देखा और पाया कि निर्माण एंजेसी द्वारा सही तरीके से बेरीगेट्स नहीं लगाये गये है जिससे दुर्घटना की संभावना को देखते हुये उन्होने कहा कि जितने क्षेत्र में काम हो रहा है उस पूरे क्षेत्र में लोहे की चादर लगायी जाय लेकिन लगाते वक्त उनको जमीन से छूकर लगाये ताकि निर्माण कार्य से निकलने वाला मलवा रोड पर ना आये और किसी दुघर्टना से सुरक्षा हो इसी प्रकार निर्माण के दौरान जो रोड किनारे मिट्टी के ढेर के लगे है उन्हें हटवाया जाकर गिट्टी और मुरम डालकर समतल किया जाय और यह कार्य तीन दिवस के भीतर पूर्ण किया जाय नहीं तो निर्माण एंजेसी के विरूद्व चालानी कार्यवाही करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिये है।

इसी प्रकार संजय ड्राइव रोड निर्माण कार्य के दौरान उन्होने कहा कि भले ही रोड के टेंडर हो चुके है और कार्य प्रारंभ होना है लेकिन वर्तमान में वर्षा ऋतु का समय चल रहा है इसलिये फिलहाल रोड के गड्ढे गिट्टी और चचरी डालकर भरे जाय जिससे वाहन चालको को असुविधा ना हो।

सुरखी विधानसभा में हुआ केंद्रीय मंत्री का बुंदेली परंपरा से भव्य स्वागत

सागर

सागर एवं बुंदेलखंड के गौरव केंद्रीय केबिनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार जी का सुरखी विधानसभा क्षेत्र में भव्य ऐतिहासिक स्वागत किया गया राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जी द्वारा केबिनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार की बुंदेली परंपरा से भव्य स्वागत करते हुए माला पहनाई। किटुआ मैं अगुवाई करने पहुंचे राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ सुरखी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ केंद्रीय मंत्री डॉ.वीरेंद्र कुमार जी का फूल बरसा कर स्वागत किया तत्पश्चात, सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गली चौराहों पर केबिनेट मंत्री के स्वागत के लिए पंडाल लगाए गए जहां लोगों द्वारा केबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया।

बेरखेड़ी सड़क ग्राम में हीरा सिंह राजपूत द्वारा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केबिनेट केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार जी का स्वागत किया। सुरखी विधानसभा के ग्राम किटुआ, मीरखेड़ी, ऐरन, बहादुरपुर, खुरई तिगड्डा, राहतगढ़, चौकी, बेरखेड़ी सड़क, मुगरयाऊ तिगड्डा, मुहरा, सीहोरा आदि क्षेत्रों में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह जी राजपूत के नेतृत्व में जगह-जगह केबिनेट केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार का भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से गुलाब सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता, मंडल अध्यक्ष अमित राय, नीरज शर्मा, पं.पप्पू तिवारी, विनोद कपूर, विनोद ओसवाल, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अशोक चौधरी, राजकुमार धनौरा, प्रवीण गोस्वामी, बुंदेल सिंह मानकी, डेनी जैन, विजय सिंह किटुआ, सुरेन्द्र शर्मा, संतोष रजौली, राजू झिला, रजनीश यादव, राजेश जैन, भूपेंद्र ठाकुर, राजकुमार ठाकुर झिला, मुंशीलाल यादव, पुष्पेंद्र मीणा, गुड्डा मीणा, आशीष सरपंच, रामेश्वर नामदेव,, कमल सिंह,प्रशांत देवलिया, सचिन घोषी, अरविंद सिंह राजपूत, अनिल पीपरा, अंकित अग्रवाल, अनुराग पाठक, गोलू राय, रघुराज सिंह सीहोरा, साहब सिंह, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।